# National Service Scheme

**Unit Number**
RJ-08-395-08
RJ-08-396-09

## Annual Report
Academic Session 2021-22

## Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
Gandhi Circle, JLN Marg, Jaipur- 302015, Rajasthan
Contact: 0141-2706672/ 2707539 / 7849834609 / IVR- 9057807070
E-Mail: admin@kanoriacollege.in Website: www.kanoriacollege.in

**Programme Officers**

**Dr. Aanchal Puri**
Assistant Professor
Dept. of Business Administration
Contact: 80056 85828

**Ms. Vijay Laxmi Gupta**
Assistant Professor
Dept. of Economics
Contact: 77908 66790

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

## वार्षिक रिपोर्ट 2021–22


महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने माह अप्रैल, 2021 में वैश्विक महामारी 'कोविड–19' के विरूद्ध अभियान के अन्तर्गत जन–चेतना फैलाने व ज़रूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य से कई ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजित किये। इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए स्वयंसेविकाओं ने अनेक 'वाट्सएप ग्रुप्स' के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितयों में स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं जैसे आईसीयू बैड्स, ऑक्सीजन बैड्स, ब्लड, प्लाज़्मा, वेंटिनेटर, दवाईयों एवं इंजेक्शन इत्यादि की उपलब्धता संबंधी सूचना का प्रचार–प्रसार लोगों में किया। इस प्रयास से महामारी के समय आपातकाल की स्थिति में कई ज़रूरतमंद लोगों तक इसकी सूचना पहुँचने से उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो पाया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं डिम्पल चचान, प्रांजल शर्मा, दिक्षा और मोनालिका मेहंदीरत्ता की भागीदारी मुख्य रूप से सराहनीय रही।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती वर्ष एवं भारत के स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य के अवसर पर कई वर्चुअल कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने चित्रकला प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।

**3 मई 2021** को कोरोना प्रबन्धन व नियंत्रण में श्री अशोक गहलोत जी की भूमिका विषय पर एक राज्य–स्तरीय वेबीनार का आयोजन हुआ, जिसमें महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी स्वयंसेविकाओं ने सहभागिता की।

**7 मई 2021** को यूनिसेफ, राष्ट्रीय सेवा योजना, ईएचसीसी अस्पताल, जयपुर एवं यातायात पुलिस, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में ज़ूम एप के माध्यम से आयोजित वर्चुअल पैनल डिस्कशन में महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी सहित सभी स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।



**21 मई 2021** को राजीव गांधी स्टडी सर्किल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतरत्न' पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर 'लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थानों की स्वायत्ता ज़रूरी है' विषय पर वेबीनार का आयोजन हुआ, जिसमें महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।

**27 मई 2021** को यूनिसेफ़ द्वारा ऑनलाईन आयोजित 'यंग वॉरियर एवं यू रिपोर्टर' ट्रेनिंग का आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।





**28 मई 2021** को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस' के उपलक्ष्य में ई–अवेयरनेस टॉक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, भुवनेश्वर, उड़ीसा की गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. नताशा शर्मा (एम.डी.,




ऑब्स्ट्रेटिक्स एवं गायनोकॉलोजी) को आमंत्रित किया गया। मुख्य वक्ता ने इस संवाद सत्र में महाविद्यालय की छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया।

**30 मई 2021** को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं संजीवनी संस्थान की संयुक्त तत्वावधान में 'कैंसर अवेयरनैस एंड हैल्दी लाइफ़स्टाइल' विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया।



ग्रीष्म ऋतुकाल में जून माह के दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी के प्रभाव से पक्षियों की बचाने की एक पहल के रूप में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा 'सैल्फ़ी विद परिंड़ा' कैम्पेन का आयोजन किया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अपने घरों में परिंडे बांधे एवं उनकी देखभाल करने का ज़िम्मा उठाने का स्व–संकल्प लिया।







**4 जून 2021** को 'नौबत बाजा' एफएम चैनल के सहयोग से 'रोल ऑफ यूथ लीडरशिप इन कम्यूनिटी डॅवलपमेंट एंड अवेयरनैस ऑन कोविड–19 एंड वैक्सिनेशन' विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया।




**5 जून 2021** को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर 'प्लांट अ हर्बल लाइफ' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके तहत स्वयंसेविकओं ने अपने घरों में औषधीय पौधे लगाए एवं आस–पड़ौस के अन्य लोगों को भी प्रेरित किया।






**1 जून 2021** को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय मार्गदर्शन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने ऑनलाईन वीडियो मेकिंग इन्टर कॉलेज कॉन्टेस्ट का आयोजन







किया, जिसमें राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने योग के महत्व संबंधी एवं स्वयं के योगमुद्राओं के वीडियो भेजे, जिनमें से टॉप 3 विजेता चुने गए। इसी दिन 'योग के महत्व' विषय पर एक अन्तरराष्ट्रीय वेबीनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें लंदन से प्रमाणित योग प्रशिक्षक मिस प्रीति सचदेवा ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश ड़ाला तथा योग की विभिन्न मुद्राओं का सरल तरीके से अभ्यास करवाया। जीवन में योग को अपनाने पर ज़ोर देने के




उद्देश्य से एक अन्य गतिविधि 'ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी' का भी आयोजन गूगल फॉर्म के माध्यम किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण–पत्र दिये गए।

**जुलाई, 2021** माह के दौरान जयपुर की 'इन्वेन्टिव हैल्पिंग हैण्ड' संस्था की ओर कैंसर रोग एवं इसके उपचार के दौरान अपने बाल खो चुके गरीब तबके के लोगों का इस रोग से लड़ने में हौंसला बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे 'केशदान' अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय की स्वयंसेविका तक्षशिला नारोलिया, इशिका माथुर, सलौनी सैनी, निमिशा शर्मा, रजनी गुप्ता, प्रियंका यादव, गुंजन राठी, सौम्या माहेश्वरी ने अपने केश दान किये।



## कैंसर पीड़ितों के लिए डोनेट किए बाल

**जयपुर @ पत्रिका.** प्रताप नगर स्थित स्टेट कैंसर संस्थान में बुधवार को इनवेंटिव हेल्पिंग हैंड सोसायटी की ओर से कैंप लगाया गया। अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने बताया कि इस मौके पर जुड़वां बहन आईशा-लविशा मेजवानी, नम्रता, भारती नारोलिया, गुंजन राठी व सौम्या माहेश्वरी सहित कई युवतियों ने बाल डोनेट किए। सोसायटी की ओर से इन बालों से विग तैयार कर कैंसर पीड़ितों को उपलब्ध कराए जाएंगे। डायरेक्टर हिमांशी गहलोत तथा तक्षशिला नारोलिया, बोहरा सम्राट, चित्रगुप्त नारोलिया व तिलक राज सहित अन्य लोग मौजूद थे।






वैश्विक कोविड–19 महामारी की विषय परिस्थितियों में टोक्यो में आयोजित विश्व ओलम्पिक–2020 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार की पहल 'विक्ट्री पंच' के तहत महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा इस ओलंपिक में भाग ले रहे खिलाडियों को समर्पित एक जोशिला वीडिया तैयार कर विभिन्न सोशल

मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैस यूट्यूब, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, फ़ेसबुक, वाट्सएप के माध्यम से शेयर किया गया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों ने घर–घर औषधि का संदेश देते हुए **31 जुलाई 2021** को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण जागरूकता अभियान का आयोजन किया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव श्री विमल कुमार भाटिया, निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल एवं उप–प्रचार्या (कला संकाय) डॉ. सरला शर्मा ने पौधारोपण कर स्वयंसेविकाओं एवं छात्राओं को अपने घर–आंगन में छायादार एवं फलदार पौधे लगाने के साथ–साथ ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले (छोटे इनडोर प्लांट्स) लगाने के लिए प्रेरित किया। इस पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. आँचल पुरी एवं मिस विजयलक्ष्मी गुप्ता ने किया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की स्वयंसेविकओं ने 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के तहत जयपुर की जवाहर नगर स्थित भारत माता पार्क में स्थानीय कच्ची बस्ती टीला नं. 3 व 4 के बच्चों के साथ **15 अगस्त 2021** को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**31 अगस्त 2021,** आज़ादी के अमृत महोत्सव के चलते कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की एनएसएस शाखा की ओर से पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पेड़ लगा कर अपना योगदान दिया। इस योगदान में साथी के तौर पर एनजीओ ने भाग लिया। एनजीओ के मुख्य कार्यकारी रिटायर्ड जरनल श्री आलोक जी और उनकी पत्नी श्रीमती सीमा जी के साथ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सीमा अग्रवाल व उप प्राचार्या डॉ सरला शर्मा और






महाविद्यालय की एनएसएस प्रमुख डॉ आंचल पुरी व विजयलक्ष्मी व महाविद्यालय की एनएसएस स्वयं सेविकाएं भी जुड़ी। मौजूदा सभी लोगो ने आपस में पर्यावरण से संबंधित बातें की व खुद पेड़ लगा कर दूसरों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। सभी ने मिलकर महाविद्यालय की परिसीमा में पेड़ लगाए व भविष्य में उनकी देखभाल का भी जिम्मा उठाया। कुल 25 पेड़ लगाए गए और अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वयं सेविकाओं ने व्यक्तिगत रूप से पेड़ की सुरक्षा और देखभाल के लिए आपस में 15–15 दिन बांटते हुए जिम्मेदारियों को अपने कंधों पे लिया। और पेड़ लगाने के इस कैंप को आगे भविष्य तक निरंतर बढ़ाने का दृढ़ निश्चय किया।

**2 सितम्बर, 2021** को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की स्वयंसेविकओं ने कम्यूनिटी फॉर सेफ़र रोड्स संस्था के लिए सड़क सुरक्षा सर्वे किया, जिसका उद्देश्य मानसरोवर मैट्रो स्टेशन, न्यू सांगानेर रोड, बी–2 बाईपास, टोंक रोड से सीतापुरा इंडस्ट्रीयल एरिया तक की सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना था।

**4 सितंबर 2021,** प्रातः 10 बजे कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की आईक्यूएसी व एनएसएस इकाइयों ने सीएचओ राजस्थान सरकार के सहयोग से कोविड वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन करवाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीमा अग्रवाल ने महाविद्यालय की छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। सीएचओ राजस्थान सरकार की तरफ से वैक्सिनेशन टीम भेजी गई। महाविद्यालय की छात्राओं के साथ साथ बाहरी लोगों ने भी वैक्सिनेशन कैंप का लाभ उठाया। वॉलंटियर्स ने बखूभी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कैंप को सफल बनाया। आयोजन के दौरान 500 कोविडशील्ड की पहली व दूसरी डोज लगाई गई।








**6 सितम्बर, 2021** को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की 25 स्वयंसेविकओं ने कम्यूनिटी फॉर सेफ़र रोड्स संस्था एवं ईएचसीसी अस्पताल, जयपुर द्वारा आयोजित लाइफ़ सपोर्ट वर्कशॉप, जिसमें सीपीआर की




ट्रेनिंग दी गई व छात्राओं को सड़क दुर्घटना के दौरान आपातकालीन परिस्थिति के समय




करने योग्य तत्काल उपचार की जानकारी दी गई, जिससे सडक दुर्घटना होने के तुरन्त पश्चात अस्पताल पहुँचने तक लगने वाले समय में घायल को हर संभव तुरन्त उपचार मिल सके एवं दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके।

**24 सितम्बर, 2021** को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर जयपुर की आईआईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित एकल गीत प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दिन को विशेष रूप से मनाने के लिये महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय गतिविधियों में परचम लहराने वाली पूर्व स्वयंसेविकाओं को वेबीनार के माध्यम से आमंत्रित कर वर्तमान स्वयंसेविकाओं से अपने अनुभव साझा कर उन्हें प्रेरित किया।



**27 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2021** तक महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में वस्त्रदान शिविर के माध्यम से कपडे एकत्र कर गांधी–शास्त्री जयन्ती के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर, 2021 को जवाहर नगर टीला नं. 3 व 4 के ज़रूरतमंद लोगों में वितरित किये, साथ ही उन्हें स्वच्छ रहने एवं जीवन में योग के महत्व को बताया।



**23 अक्टूबर, 2021** को संजीवनी एनजीओ के सहयोग से 'ब्रेस्ट कैंसर प्रिवेंशन एंड हैल्दी लाइफस्टाइल' पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें संजीवनी की कॉर्डिनेटर अर्चिता वर्मा ने स्वयंसेविकाओं को दैनिक जीवन में संतुलित आहार व शारीरिक व्यायाम का महत्व बताया।



**25 अक्टूबर, 2021** को जयपुर कैंसर रिलीफ़ सोसाइटी एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के रेडियोथैरिपी विभाग के सहयोग से ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता अभियान के तहत 'कैंसर एंड लाइफ़स्टाइल' विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं को 'सैल्फ एक्ज़ामिनेशन ऑफ़ ब्रेस्ट' की भी ट्रेनिंग दी गई, जिससे इस रोग के होने की स्थिति में प्रारंभिक लक्षणों का पता लगने से जाँच एवं चिकित्सा समय रहते करवायी जा सके।



[redacted]

कोविड-19 स्वास्थ्य सहायक एवं संविदा नर्सेज का वेतन 26500, नर्सेज के पद नाम परिवर्तन का गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव ने बताया कि नर्सेज भर्ती 2018 में नियुक्ति तिथि 29 अप्रैल 2020 किया जाना सुनिश्चित किया था लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन सी एच ए के संयोजक कशिश कच्छावा एवं संगठन के महासचिव सुरेंद्र गुर्जर, बिना स्वामी ने राज्य सरकार पर विश्वास जताते हुए बताया कि 29 अक्टूबर शहीद स्मारक पर ध्यानाकर्षण एवं विश्वास धरने का आयोजन कर रहे हैं यदि समय रहते नर्सेज की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती तो आगामी आंदोलन तेज किया जाएगा।

**कैंसर जनचेतना कार्यक्रम का आयोजन**

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज़।** कैंसर जागरूकता माह के अंतर्गत 25 अक्टूबर 2021 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में जयपुर कैन्सर रिलीफ सोसाइटी द्वारा जन चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जयपुर कैन्सर रिलीफ सोसाइटी के संस्थापक श्री सुधींद्र गेमावत (रिटायर्ड आई ए एस), सचिव श्री ओ पी हरकुट, निदेशक जन चेतना डॉ. सुभाष मोटवानी, रेडियो थेरेपी विभाग एस एम एस मेडिकल कॉलेज डॉ. रजनी वर्मा व नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को महिलाओं में होने वाले कैन्सर के बारे में जागरुक कर बताया की कैन्सर कोई बीमारी नहीं अपितु जीवनशैली विकार है व छात्राओं ने भी अपनी शंकाओ को दूर किया।महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा ने छात्राओं को जन जन तक जानकारी फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी ने किया।

**27 अक्टूबर, 2021** को कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की आईक्यूएसी व एनएसएस इकाइयों ने सीएचओ राजस्थान सरकार के सहयोग से कोविड वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन करवाया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सीमा अग्रवाल ने महाविद्यालय की छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। सीएचओ राजस्थान सरकार की तरफ से वैक्सिनेशन टीम भेजी गई। महाविद्यालय की छात्राओं के साथ साथ बाहरी लोगों ने भी वैक्सिनेशन कैंप का लाभ उठाया। वॉलंटियर्स ने बखूभी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कैंप को सफल बनाया। आयोजन के दौरान कोविडशील्ड की पहली व दूसरी डोज लगाई गई।

**28 अक्टूबर, 2021** को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में एक दिवसीय एन.एस.एस. ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एन. एस.एस. समन्वयक श्री बनय सिंह एवं एनएसएस राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र चाहर रहे। कार्यक्रम में श्री बनय सिंह ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि किस प्रकार समाज में

लैंगिक समानता लाकर एवं संकीर्ण मानसिकता दूर कर विकास के मार्ग पर बढ़ा जा सकता है। डॉ. धर्मेन्द्र चाहर ने व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों के साथ समाज के युवा वर्ग को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी साथ ही अपने व्यवहार से दूसरों को प्रेरणा प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल के स्वागत वक्तव्य से हुआ।

**14 नवम्बर, 2021** बाल–दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों ने शिल्प सृजन संस्थान के सहयोग से जवाहर नगर टीला नं. 3 एवं 4 के बच्चों के लिये जन–उपयोगी भवन, जवाहर नगर में बाल–मेला का आयोजन किया गया, जिसमें बस्ती के बच्चों का मनोरंजन करने के लिये पपेट शो, मैजिक शो, झूले का आयोजन किया एवं बच्चों के लिये अल्पाहार का आयोजन किया गया।



[redacted]

कोविड-19 स्वास्थ्य सहायक एवं संविदा नर्सेज का वेतन 26500, नर्सेज के पद नाम परिवर्तन का गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव ने बताया कि नर्सेज भर्ती 2018 में नियुक्ति तिथि 29 अप्रैल 2020 किया जाना सुनिश्चित किया था लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन सी एच ए के संयोजक कशिश कच्छावा एवं संगठन के महासचिव सुरेंद्र गुर्जर, बिना स्वामी ने राज्य सरकार पर विश्वास जताते हुए बताया कि 29 अक्टूबर शहीद स्मारक पर ध्यानाकर्षण एवं विश्वास धरने का आयोजन कर रहे हैं यदि समय रहते नर्सेज की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती तो आगामी आंदोलन तेज किया जाएगा।

**कैंसर जनचेतना कार्यक्रम का आयोजन**

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज़।** कैंसर जागरूकता माह के अंतर्गत 25 अक्टूबर 2021 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में जयपुर कैन्सर रिलीफ सोसाइटी द्वारा जन चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जयपुर कैन्सर रिलीफ सोसाइटी के संस्थापक श्री सुधींद्र गेमावत (रिटायर्ड आई ए एस), सचिव श्री ओ पी हरकुट, निदेशक जन चेतना डॉ. सुभाष मोटवानी, रेडियो थेरेपी विभाग एस एम एस मेडिकल कॉलेज डॉ. रजनी वर्मा व नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को महिलाओं में होने वाले कैन्सर के बारे में जागरुक कर बताया की कैन्सर कोई बीमारी नहीं अपितु जीवनशैली विकार है व छात्राओं ने भी अपनी शंकाओ को दूर किया।महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा ने छात्राओं को जन जन तक जानकारी फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी ने किया।

**16 नवम्बर, 2021** को राज्य निर्वाचन आयोग के सहयोग से मतदाता जागरूकता हेतु वोटर आईडी कैम्प का महाविद्यालय में आयोजन किया गया, जिसमें मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र 054 के भाग संख्या 46 से 49 तक की निवासी पात्र छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु छात्राओं का पंजीकरण किया गया।

**18 नवम्बर, 2021** को पुलिस उपायुक्त, यातायात, श्वेता धनखड के निर्देशन में यातायात पुलिस, जयपुर द्वारा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जनजागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें यातायात शिक्षा टीम के प्रभारी अधिकारी पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार व उनकी टीम द्वारा छात्राओं को गुड सेमेरीटन, गोल्डन ऑवर्स की जानकारी दी।



**19 नवम्बर, 2021** को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की जयन्ती के उपलक्ष्य में प्रियदर्शिनी संस्था द्वारा आयोजित 'वीमन रन फॉर नेशन' में महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया एवं मेडल एवं प्रमाण–पत्र प्राप्त किये।



**महिला सशक्तीकरण के लिए दौड़ीं 800 छात्राएं**

**सिटी रिपोर्टर** | पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर विद्याधर नगर में महिला मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस रन फॉर नेशन में स्कूल और कॉलेजों की 800 से ज्यादा छात्राओं सहित विभिन्न महिला संगठनों की कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। संस्था अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि मैराथन का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण रहा। वुमन रन फॉर नेशन को अम्बाबाड़ी से हरी झंडी दिखाकर संस्था अध्यक्ष शशि गुप्ता, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल और बियानी कॉलेज के निदेशक संजय बियानी ने रवाना किया। इस दौरान प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**26 नवम्बर, 2021** को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक वेबीनार का आयोजन किया जिसमें राजस्थान विश्वविद्यालय की इतिहास विभाग की प्रोफ़ेसर डॉ. संगीता शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को संविधान में महिलाओं के योगदान के बारे में बताया।




**1 दिसम्बर, 2021** को 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जयपुर के स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेन्टर के सौजन्य से महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें






महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए स्वयं भी रक्तदान कर सभी को शिविर में रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेन्टर के वरिष्ठ एवं अनुभवी चिकित्साकर्मियों की देखरेख में रक्तदाताओं को रक्तदान का महत्व एवं लाभ बताते हुए रक्तदान हेतु पात्रता की प्रारंभिक जाँच करने के पश्चात 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का सम्पूर्ण संचालन एवं व्यवस्था

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. आँचल पुरी एवं विजयलक्ष्मी गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी स्वयंसेविकाओं ने किया। डीन, कॉलेज डॅवलपमेंट डॉ. रंजुला जैन ने स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेन्टर से आयी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। कैम्प में 300 से अधिक छात्राओं एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।

**10 दिसम्बर, 2021** को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय की रासेयो इकाईयों ने स्वयंसेविकाओं के लिये पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

**13 से 19 दिसम्बर, 2021** तक बॉश कम्पनी द्वारा आयोजित राष्ट्र निर्माण, नैतिकता एवं मूल्यों पर 7 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की 15 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।

**15 दिसम्बर, 2021** को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं में विधिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे एडीजी श्री सामेन्द्र सिंह सिकरवाल एवं श्री विक्रम सिंह भाटी, सचिव, जयपुर महानगर द्वारा छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।



**18 दिसम्बर, 2021** को राज्य सरकार द्वारा पिछले 3 वर्ष में राज्य में किये गये विकास कार्यों से संबंधित जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की रासेयो अधिकारी डॉ. आँचल पुरी के नेतृत्व में महाविद्यालय की 50 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।



## 20 से 26 दिसम्बर, 2021 (सात दिवसीय विशेष शिविर)

दिनांक 20 दिसंबर 2021 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. धर्मेन्द्र चाहर, (एस.एनओ, राजस्थान सरकार) व डॉ. स्निग्धा शर्मा, (जिला अधिकारी–एन.एस.एस. व प्राचार्य, राजस्थान संगीत संस्थान) रहे।



कार्यक्रम में कानोड़िया महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल के साथ उप–प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा तथा डीन कॉलेज डॅवलपमेंट डॉ. रंजुला जैन भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी, द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.

विजयलक्ष्मी गुप्ता ने शिविर का प्रबंधन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत कर सभी स्वयंसेविकाओं को सातों दिन उपस्थिति रहकर इस सात दिन के शिविर में सीखने और गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

राज्य सम्पर्क अधिकारी श्री धर्मेन्द्र चाहर ने स्वयंसेविकाओं को किसी प्रमाणपत्र के लिये या ज़बरदस्ती काम करने के लिए नहीं अपितु मन से काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए यह समझाया कि हमारे जीवन का अनुशासन हमें भीड़ से अलग दिखाता है। वे आगे कहते हैं कि अगर इंसान ठान ले तो कुछ भी हो सकता है। उनके सिंगापुर व इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अनुभवों में स्वयंसेविकाएं अपने जीवन में बदलाव लाने के लिए खासा प्रेरित हुईं।

डॉ. स्निग्धा शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित कर उन्हें विचार, निर्णय लेना व अपनी इच्छा या चाह का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि आजकल हर जगह छात्र–छात्राएं स्ट्रैस व डिप्रेशन जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, जिसे समाज सेवा या श्रमदान कर दूर किया जा सकता है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना के अंतर्गत काम कर अपने देश के लोगों को अपने बराबर लाने की प्रेरणा दी।

उद्घाटन के अंत में महाविद्यालय की उप–प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा ने सभी अतिथियों, प्राचार्य, डीन (इंफ्रास्ट्रक्चर), कार्यक्रम अधिकारियों, स्टॉफ व स्वयंसेविकाओं का धन्यवाद दिया व उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना का मोटो–''नौट मी–बट यू'' याद दिलाया तथा छात्राओं को अपने जीवन में अनुशासन लाने की प्रेरणा दी। इसी क्रम में 'पोषण' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर डॉ. रिचा

चतुर्वेदी, (विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान) द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया। वे कहती हैं कि नई पीढ़ी में बीमारियों का एक मात्र कारण जीवनशैली में बदलाव है। नई जीवनशैली में शारीरिक गतिविधि और पोषण की भूमिका नहीं के बराबर हो गई है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को हीमोग्लोबिन, विटामिन डी जैसे पोषण का महत्व व स्त्रोत बताया। व्याख्यान को आग बढ़ाते हुए उन्होंने सभी को एक संतुलित अनुसरण करने की प्रेरणा दी। स्वयंसेविकाओं ने भी प्रश्न पूछ अपने स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों का समाधान पाया। अंत में स्वयंसेविका (एन.एस.एस) निमिषा शर्मा द्वारा डॉ. रिचा चतुर्वेदी को व्याख्यान के लिए धन्यवाद दिया गया।

इसी क्रम में शिविर के दूसरे दिन 21.12.2021 (मंगलवार) को डॉ. प्रियंका खुराना (ए.बी.एस.टी. विभाग, कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय) ने अच्छे उद्यमी बनने के पहलू बताए। उन्होंने बताया कि एक अच्छा एंटरप्रेन्योर आत्मविश्वास एवं उत्साह से परिपूर्ण होना चाहिए और उसे अपनी कठिनाइयों को अवसर में बदलना आना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी स्वयंसेविकाओं को आगे बढ़के अपने निर्णय स्वयं लेने के लिए प्रेरित किया। छात्रा हरप्रीत कौर ने कागज़ (हैडमेड) से बैग बनाने की कला सिखाई। डॉ. विष्णुप्रिया टेमाणी (ए.बी.एस.टी. विभाग, कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय) ने लागत और मूल्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समझाया की सही मूल्य, सही ग्राहक एवं सही समय पर अपना प्रोडक्ट बाज़ार में लाना कितना ज़रूरी है। डॉ. भारती गोधवानी (ई.ए.एफ.एम. विभाग कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय) ने ई–बैकिंग या डिजिटल बैकिंग के बारे में स्वयंसेविकाओं से जानकारी साझा की और इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि डिजिटल बैकिंग का लाभ हम कहीं भी कभी भी ले सकते है। स्वयंसेविका दिव्यांशी बिन्दल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी और विजयलक्ष्मी गुप्ता के प्रतिनिधित्व में स्वयंसेविकाओं को जवाहर कला केंद्र ले जाया गया। वहाँ उन्होंने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग



लिया एवं सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। स्वंयसेविकाओं ने जाना कि किस तरह सड़क दुर्घटना के वक्त मरीज़ को बचाया जा सकता है, किस तरह अब गाँवों में सरकारी दस्तावेज बनवाना आसान हो गया है, टू–बिन सिस्टम वाला टॉयलेट कैसे पर्यावरण के लिए उपयोगकारी हैं कई स्वंयसेविकाओं ने वहाँ जड़ीबूटी वाले पौधे भी लिए व उनका उपयोग जाना। कई स्वंयसेविकाओं ने वहाँ 7–डी वीडियो देख कार्यक्रम का लुत्फ़ उठाया।

इसी क्रम में शिविर के तीसरे दिन 22.12.2021 (बुधवार) डॉ. आँचल पुरी व विजयलक्ष्मी गुप्ता के प्रतिनिधित्व में स्वंयसेविकाओं को जवाहर नगर कच्ची बस्ती टीला नं. तीन स्थित




शिल्प सृजन संस्था ले जाया गया। जहाँ जेएनयू अस्पताल की टीम द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का अभिविन्यास किया गया। जिसके अंतर्गत समन्वयक पुष्पा जी ने गुरुवार को होने वाले निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर के बारे में स्वयंसेविकाओं को जानकारी दी। जिसमें उन्होंने स्वंयसेविकाओं को संबोधित करते हुए शिविर में होने वाली जाँचों के बारे में व किस तरह बस्ती के लोगों को शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सकता है यह बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी ने कोविड–19 टीकाकरण सर्वेक्षण की प्रश्नावली को समझाते हुए, स्वंयसेविकाओं को दिशा–निर्देश दिए साथ ही यहाँ की स्थिति से अवगत कराते हुए उचित व्यवहार अपनाने की सलाह दी।

इसके बाद स्वंय सेविकाओं ने अलग–अलग समूह में बटँकर अपने–अपने ग्रुप लीडर के नेतृत्व में टीला नं. 3 व 4 में कोविड–19 टीकाकरण का सर्वेक्षण आरंभ किया, जिसका मुख्य उ्देदश्य था लोगों को कोविड–19 टीकाकरण करवाने के लिए जागरूक करना और यह पता लगाना कि कितने घरो में व कितने लोगों ने पूर्णतः टीकाकरण करवा लिया है व कितने लोग टीकाकरण नहीं करवाना चाहते है। अगर वे टीकाकरण से डरते हैं, तो उन्हें जागरूक

करना व साथ ही जेएनयू अस्पताल द्वारा आयोजित होने वाले शिविर की जानकारी भी दी गई व उन्हें शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें शिविर की जानकारी देते हुए उनकी परेशानियाँ साझा की। अलग–अलग घरों में से जानकारी प्राप्त करते हुए लोगों की व्यवहारिता को समझ आपसी तालमेल के साथ सर्वेक्षण समाप्त हुआ। सर्वेक्षण का निष्कर्ष यह निकाला गया कि अधिकतर लोग कोविड टीकाकरण को लेकर जागरूक है। ज्यादातर लोगों ने कोविड–19 टीकाकरण की पहली व दूसरी डोज लगवा ली है। लोगों ने स्वंयसेविकाओं का संपूर्ण सहयोग किया। साथ ही साथ उन्होंने शिविर में भाग लेने में भी रुचि दिखाई। इसी के साथ स्वंयसेविकाओं अमीना बानो व यशोधरा पारीक ने ऊनी वस्त्रों का वितरण छोटे बच्चों व ज़रूतरमंदों में किया।

इसी के साथ स्वंयसेविकाओं की मेहनत कार्यक्रम अधिकारियों की सूझबूझ व बस्ती के लोगों के महत्वपूर्ण योगदान के साथ शिविर के तीसरे दिन का समापन हुआ।





इसी कड़ी में शिविर के चौथे दिन 23.12.2021 को एन. एस.एस इकाई ने अलग–अलग हिस्सों में बटँकर कई सामाजिक कार्य किए। इकाई की एक टुकड़ी ने जवाहर नगर कच्ची बस्ती में जाकर दो सर्वेक्षण किए तथा स्थानीय लोगों से अनुरोध किया कि 16 से कम उम्र के बच्चों को शिक्षा हेतु अवश्य स्कूल

भेजे एवं ऐसी महिलाएँ जो 16 साल से अधिक उम्र की हैं वह अपने परिवार को रोजगार में कैसे सहायता कर सकते हैं। उन्हें बताया गया कि 'शिल्प सृजन संस्थान' में महिलाओं को मुफ्त में सिलाई सिखाई जाती है। सर्वेक्षण के दौरान बस्ती के लोगों को अगले दिन होने वाले दन्त जाँच शिविर और हीमोग्लोबिन जाँच शिविर के बारे में बताया गया।

इसी के साथ इकाई की दूसरी टुकड़ी ने एक एनजीओ के साथ मिलकर गरीबों और बस्ती




के लोगों को गर्म कपड़े एवं कंबल बाँटे कंबल इत्यादि पाकर बस्ती के लोगों में उत्साह की लहर छा गयी। बच्चे भी बेहद खुश नजर आए। अगली कड़ी में हमने देखा कि जेएनयू अस्पताल के सहयोग व सौजन्य से एवं प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. आँचल पुरी और डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता के प्रयासों से शिल्प सृजन संस्थान जवाहर नगर में एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जे.एनयू अस्पताल के चार प्रमुख डॉ. शिशु रोग विशेषज्ञ महिला रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग



विशेषज्ञ तथा मनोरोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे। शिविर के चलते बस्ती के कई लोगों ने अपने रोग एवं समस्याओं का समाधान पाया। सभी डॉक्टर्स ने यही सुझाया कि नियमित व्यायाम और संतुलित आहार लेने से शरीर रोगों से मुक्त रहता है। एन.एस.एस. की एक टुकड़ी इस शिविर में खूब उल्लास के साथ स्वंय सेवा करती नजर आई।




इकाई की चौथी टुकड़ी ने कोरोना अनुरूप व्यवहार का महत्व समझाने हेतु एक खूब सुन्दर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। ''आओ आओ तुम्हे बताएं तुम्हे सिखाएं'' से नाटक शुरू कर सभी का ध्यान अपनी ओर केन्द्रित कर के लोगों में कोरोना वायरस के लक्षण, गंभीरता एवं टीकाकरण को लेकर जागरूकता व सजगता का संदेश दिया। साथ ही टीकाकरण से जुड़े सभी भ्रमों को दूर किया। इन सभी कार्यक्रमों में संस्था अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को समाप्ति देते हुए डॉ. आँचल पुरी ने नुक्कड़ नाटक की टुकड़ी को प्रोत्साहित किया एवं समय–समय पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।



इसी क्रम में शिविर के पाँचवें दिन 24.12.2021 (शुक्रवार ) को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के सभागार में स्पिक मैके, सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूज़िक एंड कल्चर अमंग यूथ द्वारा कथक का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विदुषी प्रेरणा श्रीमाली जी (वरिष्ठ नृत्यांगना), फतेह सिंह गंगानी जी, (तबला वादक) अमीरूद्दीन खान (सारंगी वादक), संदीप गंगानी जी (हारमोनियम वादक) उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. शीताभ शर्मा (हिन्दी विभाग) ने अतिथिगण का स्वागत कर किया। इस कार्यक्रम में कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की निर्देशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, उपप्राचार्य डॉ. सरला शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी तथा डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता तथा महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएँ एवं स्वयंसेविकाऐं उपस्थित रहीं। प्राचार्य ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया व उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किये।

अतिथि प्रेरणा श्रीमाली जी कथक के जयपुर घराने की एक वरिष्ठ नृत्यांगना है। उन्होंने कथक के बारे में स्वंय सेविकाओ को जानकारी दी व अपने विचार साझा किये। उन्होंने अपना अद्भुद नृत्य–कथक प्रस्तुत किया, जिसे देखकर सभी स्वंय सेविकाओं को अपने जीवन में कला के महत्व को जानने का मौका मिला। विदुषी प्रेरणा जी ने बताया कि एक लड़की को अपनी स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद घर पर बैठ कर सफेद घोड़े पर आने वाले राजकुमार कि प्रतीक्षा न करके स्वयं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की उप–प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा ने अतिथिगण को तथा वहाँ उपस्थित सभी प्राध्यापिकाओं व स्वयंसेविकाओं को धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम समाप्त हो जाने के बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी व विजयलक्ष्मी गुप्ता के प्रतिनिधित्व में सभी स्वयंसेविकाएँ शिल्प सृजन संस्थान टीला न. 3 जवाहर नगर कच्ची बस्ती पहुँची। जवाहर नगर कच्ची बस्ती में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड सेन्टर तथा श्रीमाल डेन्टल केयर द्वारा आयोजित निःशुल्क हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप जाँच तथा दन्त स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्थानीय लोगों ने तथा सभी स्वंय सेविकाओं ने भाग लिया।




इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए शिविर के छठे दिन 25.12.2021 (शनिवार) को डॉ. कपिल कुमार आनंद (एस.एस. जैन सुबोध–ऑटोनोमस) की उपस्थिति में 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' के तहत

कार्यक्रम आयोजित हुआ। उन्होंने अपने कई अनुभव साझा किए और बताया कि कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की स्वंय सेविकाएँ एक उत्तम अधिनायक डॉ. आँचल पुरी के नेतृत्व में है, जिनसे सभी स्वयंसेविकाएँ उनकी उत्तम कार्यशैली और विचार सीख सकते हैं। वे कहते हैं कि समय बहुत महत्वपूर्ण है और वह हमेशा समय पर रहने और समय पर काम करने की सीख देते हैं। डॉ. कपिल कुमार आनन्द ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि किस तरह वह अकेले भी कितना परिवर्तन ला सकती हैं। जैसे कि अगर सभी स्वयंसेविकाएँ प्रतिज्ञा लें कि वे हर वर्ष एक पौधा लगाएँगी, तो सभी को मिलाकर पूरे राजस्थान में एक साल में हजारों पौधे लगाए जा सकते हैं। जिससे वातावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम में कई बातें साझा की, जिसमें डॉ. आँचल पुरी और डॉ. कपिल आनन्द ने किस तरह सभी कार्य निष्ठा एवं कुशलतापूर्वक पूर्ण किए और सभी स्वंय सेविकाओं को प्रेरित किया।

डॉ. कपिल कुमार आनन्द ने 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' कि महत्वता बताते हुए एक गतिविधि की शुरुआत की, जिसमें सभी राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, असम, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडू, पंजाब और जम्मू कश्मीर में से एक राज्य का निर्वाचन करते हैं, जिसके अनुसार स्वयंसेविकाओं को दस समूह में बाँटा गया और सभी अपने चयन किए गए राज्य की विशेषता एवं वहाँ की कला, नृत्य का बखान करते हुए नजर आए। स्वयंसेविकाओं ने एक–दूसरे को अपने चयनित राज्य के लोक–गीतों के बारे में बताया और वहाँ के लोक–नृत्य कला का प्रदर्शन भी किया। सभी ने गतिविधि में बढ़चढ़ कर भाग लिया और यह देखकर डॉ. आँचल पुरी और डॉ. कपिल कुमार आनन्द बहुत प्रसन्न हुए।

इन्हीं गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें खुशी माथुर द्वारा भरतनाट्यम से शिव की महिमा को दर्शाया गया, जिसे देखकर सभी मुदित हो

गए। इसी कड़ी में अंशु और तमन्ना द्वारा राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिनकी प्रस्तुति देखकर सभी उल्लासपूर्ण ताली बजाने लगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए दिव्यांशी बिन्दल द्वारा चरी नृत्य व तनीषा तथा निकिता एंड टीम द्वारा राजस्थानी सम्मिश्रण नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं पायल ने पंजाबी भांगड़ा व नंदिनी वशिष्ठ ने अपने हरियाणवी नृत्य से सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया और साभागार में सभी झूमते हुए नज़र आए। अंत में स्वंयसेविकाओं रिहाना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

दिनांक 26.12.2021 (रविवार) को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। 20 दिसंबर, 2021 से 26 दिसंबर, 2021 तक चल रहे इस शिविर का उद्देश्य स्वंयसेविकाओं को समाज के विभिन्न पहलूओं से अवगत एवं उसके प्रति जागरूक करना था। इसमें कुल 110 छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने कॉलेज कैंपस और जवाहर नगर कच्ची बस्ती टीला नं. तीन स्थित शिल्प सृजन संस्था को अभियान का हिस्सा बनाया और अलग–अलग गतिविधियों जैसे कोविड जागरूकता अभियान एवं सर्वे किया, नुक्कड़ नाटक, मेडिकल चेकअप से जागृत करने का प्रयास किया। आज इस शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया।

कॉलेज की निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, श्री वनय सिंह (राज्य स्तरीय समन्वयक), श्री एस.पी. भटनागर (कार्यक्रम सलाहकार एनएसएस भारत सरकार एवं निदेशक क्षेत्रीय निदेशालय) रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल के साथ उप–प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा तथा डीन–कॉलेज डॅवलपमेंट डॉ. रंजुला जैन भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस के लक्ष्य–गीत 'उठें समाज के लिए उठें–उठें' के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत कर सभी स्वंयसेविकाओं को कैंप पूरा करने की बधाई दी एवं आने वाले कल की चिंता न करके आज को पूरी तरह से जीने

की बात कही। श्री बनय सिंह जी ने सभी स्वंयसेविकाओं ने उनके शिविर के अनुभव के संदर्भ में पूछा और स्वंय में बदलाव की बात कहीं, उन्होंने अपने अनुभवों के द्वारा स्वयंसेविकाओं को एनएसएस की ज़िदंगी में महत्व के बारे में बताया एवं सेवाभाव के समर्पण के बारे में बता कर स्वंयसेविकाओं को प्रेरित किया, उन्होंने यह भी बताया की एनएसएस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने में एक बहुत बड़ा योगदान दे सकता है।

महाविद्यालय की निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने अपने एनएसएस से जुड़ाव के बारे में अनुभव साझा किए और अज्ञान व अशिक्षा को दूर करके एक बेहतरीन समाज बनाने की एवं आज के समय में शिक्षा के महत्व के बारे में विचार व्यक्त किए एवं स्वंयसेविकाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने अलग–अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। छात्रा खुशी माथुर ने शिव तांडव की प्रस्तुति दी। छात्रा नंदिनी, दिव्यांशी एवं अंशु ने राजस्थानी नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्राओं द्वारा कोविड उपयुक्त व्यवहार पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्रा पायल, तनीशा, साक्षी एवं प्रियंका द्वारा भंगड़ा की प्रस्तुति दी गई।

मुख्य अतिथि श्री एस. पी. भटनागर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है, इसके द्वारा छात्राओं का चहुँमुखी विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को एनएसएस की साख बढ़ाने में अपना योगदान देने को कहा और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। इसके बाद सात दिवसीय शिविर के विभिन्न दिनों में आयोजित कार्यक्रमों का एक वीडियो प्रस्तुत किया गया एवं मुख्य अतिथि के साथ साझा किए। अंत में प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. आँचल पुरी ने सभी का आभार व्यक्त किया और स्वंयसेविकाओं को शिविर की

शानदार समाप्ति के लिए बधाई दी एवं सभी स्वंयसेविकाओं को नारी का देश को बनाने एवं बढ़ाने में योगदान की बाद कही।

**12 जनवरी, 2022** को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के तहत राष्ट्रीय युवा महोत्सव में ऑनलाइन जुड़कर सहभागिता की व 'मेरे सपनों का भारत 2047' व 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के स्थानीय गुमनाम नायक' विषय पर अपने आलेखों को भेजा।

**17 जनवरी, 2022** को 'करो संभव संगठन' के सहयोग से 'ई वेस्ट मैनेजमेंट' पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया जिसमें अयान्तिका दत्ता वक्ता रहीं। इस वेबीनार का आयोजन हमारी दैनिक दिनचर्या एवं पूरे जीवन में उपयोग किये जाने वाले खराब हो चुके इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं इससे संबंधित अन्य उत्पादों को सुरक्षित निस्तारण करने के बारे में बताया जिससे पर्यावरण को किसी प्रकार की हानि न हो।

**23 जनवरी, 2022** को सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम में छात्राओं के भाग लिया।

**24 जनवरी, 2022** को महाविद्यालय की सोशल साइंस एसोसिएशन द्वारा आयोजित वेबीनार में छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ट्रीमेन ऑफ इंडिया श्री विष्णु लांबा ने अपने अनुभव साझा किये।

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइयों ने आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत 26 से 30 जनवरी, 2022 तक पाँच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण की कार्यशाला का आयोजन Gosedma के साथ किया गया।

पहला दिन– आत्मरक्षा के हमारे पहले दिन का नेतृत्व रिचा मैम ने किया इस दिन की शुरुआत बहुत उंमग और प्रभावशाली रही,शुरुआत वार्म–अप से हुई फिर उन्होंने हमें आत्मरक्षा की महत्वपूर्णता बताई। उन्होंने हमें अगले चार दिन में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया, उन्होंने ये बताया कि अगर हमें कोई पीछे से पकड़ लें, कोई हमपे पैनी वस्तु से हमला करे तो हमें उसका कैसे सामना करना चाहिए।

दूसरा दिन– आत्मरक्षा के हमारे दूसरे दिन का नेतृत्व भविक सर ने किया। पहले उन्होंने पंद्रह–बीस मिनट वार्म–अप करवाया, फिर उन्होंने हमें हमला करने वाले के संवेदनशील अंगों के बारे में बताया जैसे आँख, नाक, कान, कॉलर बोन, बाल आदि उनके नेतृत्व में उन्होंने हमारी गललियों को भी सुधारा।

तीसरे और चौथे दिन फिर हमारी शुरुआत वार्म–अप से हुई। हमें "Extreme of front, Neck hold, Push-kick, front-kick, Basic Punches: Jale Punch, Jale cross, Hammer Punch, 8 limiles: 2 Punches, 2 elbous, 2 Kick सिखाया और अंत में उन्होंने एक प्रश्नकाल रखवाया जिसमें हमसे परिस्थितियाँ पूछी गई जो हम पर आ सकती है और उस दौरान हम कैसे अपनी आत्मरक्षा करे वो हमें सिखाया।

पाँचवा दिन–रिचा मैम ने शिविर के आखिरी दिन हमारा नेतृत्व किया। उन्होंने हमें बताया कि हमें हमारी सुरक्षा से संबंधित जानकारी बढ़ानी चाहिए। हमं उनसे संबंधित कानूनी की जानकारी होनी चाहिए। हमें आत्मरक्षा का रोज अभ्यास करना चाहिए हमें हमेशा अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहिए और उन्होंने आत्मरक्षा का महत्व समझाया

**4 फरवरी, 2022** को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर संजीवनी एनजीओ द्वारा 'क्लोज़िग द केयर गैप इन कैंसर केयर' विषय पर वेबीनार आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।




**21 फरवरी, 2022** को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 'माई वोट इज़ माई फ्यूचर' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे प्रश्नोत्तरी, गीत, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन–राइटिंग इत्यादि की जानकारी छात्राओं को दी गई, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने ऑनलाइन भाग लिया।




**3 मार्च, 2022** को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के आईक्यूएसी के मार्गदर्शन में पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, राजस्थान के सहयोग से 'सतत विकास के लिये ऊर्जा संरक्षण जागरूकता' विषय पर वार्ता का आयोजन किया गया। वक्ता इन्द्रप्रकाश ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण की पद्धतियों के बारे में अवगत करवाया। आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. रंजना अग्रवाल ने भी सभी छात्राओं को ऊर्जा बचाने एवं उसके सदुपयोग के बारे में जागरूक

किया। प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सतत् विकास अपनाने के लिये छात्राओं को प्रेरित किया।

**4 मार्च, 2022** को 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' के तहत कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं ने 'मतदाता जागरूकता ई–क्विज़' में भाग लिया।
इस कार्यक्रम के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के विरेन्द्र माथुर व अमीता परनामी के नेतृत्व में एक सत्र का आयोजन महाविद्यालय में किया गया, जिसके अन्तर्गत 'माय पॉवर माय वोट' पर चर्चा हुई व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे अभियानों की जानकारी दी। इसी कड़ी में महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।
छात्राओं को अपने मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये महाविद्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने सर्वप्रथम हस्ताक्षर कर सभी को देश के प्रति ज़िम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

**8 मार्च, 2022** को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कानोड़िया पीजी महिला



महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने सवाई मान सिंह अस्पताल के ओंकोलॉजी विभाग व संजीवनी एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एसएमएस अस्पताल के ओंकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह रहे। शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग वैन के माध्यम से 30




वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की ओरल, ब्रैस्ट एवं सर्विक्स कैंसर की महाविद्यालय परिसर में ही जाँच की गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल

पुरी एवं विजयलक्ष्मी गुप्ता ने किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**12 मार्च, 2022** को विश्व शांति की ओर बढ़ते कदम के अन्तर्गत दांडी मार्च की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पदयात्रा का आयोजन खादी बोर्ड, जेएलएन मार्ग से लेकर गांधी सर्किल तक किया गया जिसमें महाविद्यालय की 50 स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी के नेतृत्व में भाग लिया।









**24 मार्च, 2022** को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मदर अर्थ प्रोजेक्ट के सहयोग से आयोजित रोड मार्च में महाविद्यालय की रासेयो स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।



**31 मार्च, 2022** को निर्वाचन आयोग, राजस्थान के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सभागार में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीव तिवारी, स्वीप प्रभारी एवं श्री विरेन्द्र माथुर, बीएलओ उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को भारत निर्वाचन आयोग के 'माय वोट इज़ माय फ्यूचर' अभियान के अन्तर्गत ऑनलाइन आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी एवं उनमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।




**विशेष उपलब्धियां–**

- कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिये ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 30 सितंबर 2021 को महाविद्यालय को पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर क्षेत्रीय निदेशालय एन.एस.एस, युवा मामलात् एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में आयोजित करवाने का सौभाग्य मिला, जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों जैसे–दौसा, सीकर, झुंझुनू, अलवर व अन्य जिलों से 102 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।
- इसी सत्र में 30 स्वयंसेविकाओं ने यूनिसेफ़ व बार्क के निर्देशन में कोविड–19 उचित व्यवहार व कोविड–19 टीकाकरण पर जयपुर क्षेत्र में सफल सर्वेक्षण किया, प्रत्येक स्वयंसेविका को अपने कार्य के मानदेय के रूप में 3,000 रुपये व प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस परियोजना को यूनिसेफ द्वारा सिखाई गई तीन अवधियों में पूरा किया गया।
- इसी सत्र में महाविद्यालय की दो स्वयंसेविका नंदिनी वशिष्ठ एवं राशि वर्मा ने 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2021 में भाग लेकर महाविद्यालय एवं राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

# NSS Pre RD Camp organized at college campus










# NSS @ News

## कानोड़िया कॉलेज में वेबिनार, लंदन से ट्रेनर ने कराया योगाभ्यास

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल और उप प्राचार्या डॉ. सरला शर्मा रही। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रमाणित योग प्रशिक्षक प्रीति सचदेवा लंदन से जुड़ी। महाविद्यालय की एनएसएस प्रमुख डॉ. आंचल पुरी व सह-प्रमुख डॉ. टीना सिंह और महाविद्यालय की प्रोफेसर और एनएसएस वॉलंटियर्स भी जुड़ी। प्रीति सचदेवा ने योग से संबंधित जानकारियां देते हुए कई आसनों के बारे में बताया और सूर्य नमस्कार से वेबिनार की शुरुआत की। वेबिनार में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने घरों में रहकर योग किया। प्रीति सचदेवा ने प्राणायाम पर अधिक जोर दिया और प्राणायाम से होने वाले अनेक लाभ बताए। उन्होंने बताया कि आखिर कैसे प्राणायाम सभी योग आसनों में सबसे प्रमुख है। महाविद्यालय की छात्राओं ने भी योग से संबंधित प्रश्न रखे।

महानगर टाइम्स - 19|11|21

## यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान

जयपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात श्वेता धनखड़ के निर्देशन में यातायात पुलिस जयपुर द्वारा सड़क सुरक्षा जन जागरूकता एवं सड़क



दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कर हर वर्ग तक संदेश पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में राजकीय आरसी खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात शिक्षा टीम के प्रभारी अधिकारी पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार एवं उनकी टीम द्वारा 400 छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं लोगों को यातायात नियमों, गुड सेमेरिटन, गोल्डन ऑवर्स की जानकारी दी गई और पोस्टर-पंपलेट का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं, अध्यापकों को यातायात नियमों की पालना के लिए शपथ दिलाई गई। यातायात जागरूकता की इस श्रृंखला में कवि अनुराग प्रेमी, कवयित्री प्रशंसा श्रीवास्तव ने यातायात नियमों की कविताओं के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम में राजकीय आरसी खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल सैयद मसकुर अली एवं कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. सीमा अग्रवाल और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

सोनाली जाखड़ की स्मृति में कार्यक्रम

# कैम्प में कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए डोनेट किए हेयर




पत्रिका PLUS रिपोर्टर

राजस्थान पत्रिका, 1 जुलाई

जयपुर ◆ इन्वेंटिव हेल्पिंग हैंड सोसाइटी की ओर से बुधवार को एक हेयर स्टूडियो में हेयर डोनेशन कैम्प लगाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोनाली जाखड़ की स्मृति में किया गया था। कार्यक्रम में नमन जैन और रितिक चौधरी ने अपना मुंडन कराया। वहीं, सेजल गौड़, ताक्षीशिला नारोलिया, चारुल वर्मा और इशिका गुप्ता ने भी कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए अपने बालों का दान किया। इस दौरान अमित गौड़ समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे। इन्वेंटिव हेल्पिंग हैंड सोसाइटी की डायरेक्टर हिमांशी गहलोत भी उपस्थित थीं।

[redacted]

कोविड-19 स्वास्थ्य सहायक एवं संविदा नर्सेज का वेतन 26500, नर्सेज के पद नाम परिवर्तन का गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव ने बताया कि नर्सेज भर्ती 2018 में नियुक्ति तिथि 29 अप्रैल 2020 किया जाना सुनिश्चित किया था लेकिन अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन सी एच ए के संयोजक कशिश कच्छावा एवं संगठन के महासचिव सुरेंद्र गुर्जर, बिना स्वामी ने राज्य सरकार पर विश्वास जताते हुए बताया कि 29 अक्टूबर शहीद स्मारक पर ध्यानाकर्षण एवं विश्वास धरने का आयोजन कर रहे हैं यदि समय रहते नर्सेज की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती तो आगामी आंदोलन तेज किया जाएगा।

# कैंसर जनचेतना कार्यक्रम का आयोजन

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज़।** कैंसर जागरूकता माह के अंतर्गत 25 अक्टूबर 2021 को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में जयपुर कैन्सर रिलीफ सोसाइटी द्वारा जन चेतना कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जयपुर कैन्सर रिलीफ सोसाइटी के संस्थापक श्री सुधींद्र गेमावत



(रिटायर्ड आई ए एस), सचिव श्री ओ पी हरकुट, निदेशक जन चेतना डॉ. सुभाष मोटवानी, रेडियो थेरेपी विभाग एस एम एस मेडिकल कॉलेज डॉ. रजनी वर्मा व नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को महिलाओं में होने वाले कैन्सर के बारे में जागरुक कर बताया की कैन्सर कोई बीमारी नहीं अपितु जीवनशैली विकार है व छात्राओं ने भी अपनी शंकाओ को दूर किया।महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. सरला शर्मा ने छात्राओं को जन जन तक जानकारी फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी ने किया।

## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर हुए कार्यक्रम

# 'पचास प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं अभी भी माहवारी के स्वच्छ तरीकों का उपयोग नहीं करती'

**जयपुर, समाचार जगत न्यूज।** हर साल 28 मई को पूरी दुनिया में 'मासिक धर्म स्वच्छता दिवस' मनाया जाता है ताकि किशोरियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। डॉ. अमिता कश्यप, एमडी पीसीएम, सीनियर प्रोफेसर, एसएमएस मेडिकल कॉलेज ने कहा कि हमें हर स्तर पर सकारात्मक प्रयास करने की आवश्यकता है। एनएफएचएस -4 (2015-16) के अनुसार भारत में लगभग 50 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं अभी भी महावारी के स्वच्छ तरीकों का उपयोग नहीं करती हैं।

दिव्या संथानम, वरिष्ठ राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया, राजस्थान ने कोविड -19 महामारी के दौरान भारत के ग्रामीण इलाकों में किशोरियों और महिलाओं की माहवारी के लिए ज़रूरी उत्पाद, ख़ास कर मुफ्त सेनेटरी नैपकिन और जानकारी तक पहुंच बाधित हो गई, जिससे उनके स्वाथ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार, 'मासिक धर्म स्वच्छता दिवस' के अवसर पर यह ज़रूरी है कि किशोरावस्था से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जाए, उपयुक्त समाधानों में निवेश किया जाये और मासिक धर्म से जुडी चुप्पी को तोडा जाये।

उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने निःशुल्क दवा योजना के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया है, जिसमें सेनेटरी पैड के निःशुल्क वितरण के साथ साथ सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा वितरण का विस्तार एवं के जागरूकता अभियान शामिल हैं। इस सब प्रयासों के माध्यम से माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरुकता फैलाने में मदद मिलेगी।

## मासिक धर्म और शारीरिक समस्याओं से संबंधित दी अनेक जानकारियां

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार कराया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. नताशा शर्मा (एमडी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, कलिंग चिकित्सा विज्ञान संस्थान, ओडिशा), महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ.सीमा अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल डॉ. सरला शर्मा और एनएसएस प्रमुख डॉ. आंचल पुरी, डॉ. टीना और महाविद्यालय की शिक्षिकाएं और छात्राओं के साथ जुड़ी, जिसमें उन्होंने मासिक धर्म और स्त्रियों की शारीरिक समस्याओं से संबंधित अनेक जानकारियां महाविद्यालय की छात्राओं से साझा की। छात्राओं ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर डॉ. नताशा से प्रश्न साझा करे जिनका उन्होंने सफलतापूर्वक निवारण किया। मासिक धर्म के समय स्वच्छता का विशेष ध्यान कैसे रखें, हार्मोन असंतुलन से उत्पन्न समस्याओं का हल जैसी अनेक जानकारियां उन्होंने छात्राओं को दी। अधिकतर महिलाएं कोरोना की वैक्सीन से उनके मासिक धर्म पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित है, उस चिंता को दूर करते हुए उन्होंने सब समस्याओं को हल किया। इस अधिवेशन में 101 छात्राओं ने भाग लिया।

## बांटे सैनेट्री पेड्स



महिलाओं और किशोरियों को माहवारी के दौरान कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें इस तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े, इन्हीं बातों को देखते हुए शुक्रवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की सार्थकता को साकार करते हुए शिल्प सजृन संस्था की ओर से कच्ची बस्तियों में रहने वाली महिलाओं और किशोरियों को सेनेट्री नेपकिन्स बांटे गए। शिल्प सजृन संस्था क फाउंडर शिल्पी शाह ने बताया कि लॉकडाउन के चलते उनकी टीम ने महिलाओं के घरों पर ही जा कर सेनेट्री पेड्स का वितरण किया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था हर साल इस दिवस पर माहवारी के प्रति फैली भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने की वर्कशॉप करती आई है, लेकिन इस बार लॉकडाउन को देखते हुए कच्ची बस्तियों में रहने वाली करीब 450 महिलाओं और किशोरियों को सैनेट्री पेड्स देने के साथ उन्हें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व के प्रति बताया भी गया।

# आज के बच्चे कल का भारत



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन बाल दिवस पर शिल्प सृजन संस्था ने कच्ची बस्तियों में वंचित परिवारों के सैकड़ों बच्चों के साथ मेला आयोजित किया। मेले में बच्चों के लिए सभी प्रकार के झूले, खाना-पीना, गिफ्ट्स, केक, चॉकलेट आदि निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। संस्था की अध्यक्ष शिल्पी शाह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय के सहयोग से आयोदिक इस मेले का मुख्य उद्देश्य वंचित परिवार के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है। ताकि इन बच्चों में हीन भावना नहीं आए। इस अवसर पर बच्चों को कॉपी, पैंसिल आदि उपहार स्वरूप दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की सचिव संचिता विश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि प्रिया बड़जात्या, रोटरी क्लब सिटीजन के अध्यक्ष मनोज जैन एवं फाउंडर प्रेसीडेंट सुधीर गोधा सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने मेले में अपनी उपस्थित दर्ज कराई।

# कनोडिया कॉलेज में 500 को लगी वैक्सीन

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। कनोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की आईक्यूएसी एवं एनएसएस इकाइयों ने सीएसओ के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में कोरोना वैक्सीनेशन कैम्प का



आयोजन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या सीमा अग्रवाल ने महाविद्यालय की छात्राओं और स्टाफ को कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया। इस कैम्प का महाविद्यालय की छात्राओं के साथ बाहरी लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। कैम्प में कोविशील्ड 500 पहली और दूसरी डोज लगाई गई।

# कैंसर पीड़ितों के लिए डोनेट किए बाल



**जयपुर @ पत्रिका**. प्रताप नगर स्थित स्टेट कैंसर संस्थान में बुधवार को इनवेंटिव हेल्पिंग हैंड सोसायटी की ओर से कैंप लगाया गया। अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने बताया कि इस मौके पर जुड़वां बहन आईशा-लविशा मेजवानी, नम्रता, भारती नारोलिया, गुंजन राठी व सौम्या माहेश्वरी सहित कई युवतियों ने बाल डोनेट किए। सोसायटी की ओर से इन बालों से विग तैयार कर कैंसर पीड़ितों को उपलब्ध कराए जाएंगे। डायरेक्टर हिमांशी गहलोत तथा तक्षशिला नारोलिया, बोहरा सम्राट, चित्रगुप्त नारोलिया व तिलक राज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लंदन से ट्रेनर ने कराया योगाभ्यास

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार हुई। वेबिनार में मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्या डॉ.सीमा अग्रवाल और उप प्राचार्या डॉ. सरला शर्मा रही। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रमाणित योग प्रशिक्षक प्रीति सचदेवा लंदन से जुड़ी। महाविद्यालय की एनएसएस प्रमुख डॉ. आंचल पुरी व सह-प्रमुख डॉ. टीना सिंह और महाविद्यालय की प्रोऔर एनएसएस वॉलंटियर्स भी जुड़ी। प्रीति सचदेवा ने योग से संबंधित जानकारियां देते हुए कई आसनों के बारे में बताया और सूर्य नमस्कार से वेबिनार की शुरुआत की। वेबिनार में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने घरों में रहकर योग किया। प्रीति सचदेवा ने प्राणायाम पर अधिक जोर दिया और प्राणायाम से होने वाले अनेक लाभ बताए।

# मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन



**जयपुर,समाचार जगत न्यूज।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने 'मतदाता जागरूकता ई-क्विज़' में भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के विरेन्द्र माथुर व अमीता परनामी के नेतृत्व में एक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 'माय पॉवर माय वोट' पर चर्चा हुई व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे अभियानों की जानकारी दी। इसी कड़ी में महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्राओं को अपने मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये महाविद्यालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने सर्वप्रथम हस्ताक्षर कर सभी को देश के प्रति ज़िम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

# महिला सशक्तीकरण के लिए दौड़ीं 800 छात्राएं



**सिटी रिपोर्टर** | पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर विद्याधर नगर में महिला मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस रन फॉर नेशन में स्कूल और कॉलेजों की 800 से ज्यादा छात्राओं सहित विभिन्न महिला संगठनों की कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। संस्था अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि मैराथन का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण रहा। वुमन रन फॉर नेशन को अम्बाबाड़ी से हरी झंडी दिखाकर संस्था अध्यक्ष शशि गुप्ता, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल और बियानी कॉलेज के निदेशक संजय बियानी ने रवाना किया। इस दौरान प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

... हो गई। स्टूडेंट तनुज

# एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर** ◆ कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसएस समन्वयक बनय सिंह और राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ.धर्मेन्द्र चाहर मुख्य अतिथि थे। इस दौरान अतिथियों ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि किस प्रकार समाज में लैंगिक समानता लाकर एवं संकीर्ण मानसिकता दूर कर विकास के मार्ग पर बढ़ा जा सकता है। चाहर ने व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों के साथ समाज के युवा वर्ग को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए हर किसी की मदद करने पर जोर दिया।

विषय पर अपने विचार रखे।

# पौधरोपण के बाद उनकी देखभाल का लिया जिम्मा



**जयपुर @ पत्रिका.** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कनोडिया पीजी वूमन कॉलेज की एनएसएस शाखा ने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पौधे लगा कर अपना योगदान दिया। इस योगदान में साथी के तौर पर एनजीओ ने भाग लिया। एनजीओ के मुख्य कार्यकारी रिटायर्ड जरनल आलोक और उनकी पत्नी सीमा के साथ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल व उप प्राचार्या डॉ. सरला शर्मा और महाविद्यालय की एनएसएस प्रमुख डॉ आंचल पुरी व विजयलक्ष्मी व महाविद्यालय की एनएसएस स्वयं सेविकाएं भी जुड़ी। इस मौके पर मौजूद सभी लोगों ने खुद पौधे लगा कर दूसरों को भी पौधे लगाकर उनकी देखभाल के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। सभी ने मिलकर महाविद्यालय की परिसीमा में पौधे लगाए व भविष्य में उनकी देखभाल का भी जिम्मा उठाया।



# आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

जयपुर @ पत्रिका प्लस. आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से पांच दिवसीय ऑनलाइन आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रा रिचा गौड़ व उनकी टीम ने महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं को स्ट्रीट फाइट सिचुऐशन जैसे हेयर ग्रैब, ग्राउंड डिफेन्स, वेस्ट होल्डिंग, बॉक्सिग पंचेज़, वैपन डिसार्म, बैक-नेक होल्डिंग, मैंटल ट्रेनिंग टेक्नीक्स इत्यादि सिखाएं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सीमा अग्रवाल ने कार्यशाला को छात्राओं के लिए विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में उपयोगी बताया। ऐसी गतिविधियों का अधिकाधिक आयोजन करने पर बल दिया।

# छात्राओं ने कच्ची बस्ती में किया श्रमदान

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय ने जवाहर नगर कच्ची बस्ती में एनएसएस का विशेष शिविर लगाया, जिसमें छात्राओं ने श्रमदान किया। इस मौके पर बस्ती में निःशुल्क चिकित्सा जांच, दंत जांच, फ्री हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप टेस्ट किया गया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को कंबल और ऊनी वस्त्र दिए गए। स्वयं सेविकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक और कोविड-19 महामारी पर सर्वेक्षण किया गया और एक भारत श्रेष्ठ भारत गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र सिंह चाहर, डॉ. स्निग्धा शर्मा, डॉ. सीमा अग्रवाल, एसपी भटनागर सहित अन्य लोगों ने छात्राओं का उत्सावर्धन किया।

**एनएसएस शिविर**

# छात्राओं ने जानी विधिक अधिकारों की जानकारी

जयपुर. कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से राष्ट्रीय महिला आयोग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं को विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता सामेन्द्र सिंह सिकरवाल और विक्रम सिंह भाटी ने छात्राओं को विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आंचल पुरी और विजयलक्ष्मी गुप्ता ने किया। इसके अलावा महाविद्यालय के संगीत विभाग की ओर से 'संगीत में रुचि एवं विविध आयाम' विषय पर लालचन्द महामना ने व्याख्यान दिया। डॉ. सीमा अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

# जयपुर एक्सप्रेस

## छोटी-बडी खबर

# कानोड़िया कॉलेज की छात्राओं में एड्स दिवस पर दिखा रक्तदान का जज्बा




उन्नति एक्सप्रेस/राहुल शर्मा

**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में आज विश्व एड्स दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग की ओर विश्व और हमारे देश में एड्स की स्थिति को समझने और इस संक्रामक रोग की रोकथाम के विषय पर छात्राओं के साथ द्विपक्षीय चर्चा आयोजित की गई। इसी के साथ विभाग के द्वारा स्नातक स्तर की छात्राओं के लिए ÷एड्स अवेयरनेस एंड प्रीवेंशन÷ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी रखी गई। उप प्राचार्या डॉ रत्न सक्सेना ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वहीं, कॉलेज में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सौजन्य से कॉलेज परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीमा अग्रवाल ने छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया एवं खुद रक्तदान कर सभी को प्रेरित भी किया। शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने इसका संचालन किया।

# राजस्थान आईटी क्रिकेट लीग 2021 ट्राफी व पोस्टर अनावरण

# उत्साह के साथ में दौड़ी सैकड़ों छात्राएं और महिलाएं

**जयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर 19 नवंबर 2021 को विद्याधर नगर में प्रियदर्शनी सोलर मिशन एंड वाटर सेविंग संस्था की ओर से विमेंस रन फॉर नेशन का आयोजन किया गया। इस विमेंस रन फॉर नेशन में विभिन्न स्कूल कॉलेज की 800 से ज्यादा छात्रों सहित विभिन्न महिला संगठन की कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। संस्था अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर यह निमंत्रण आयोजित की जाती है इसका उद्देश्य है कि महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकार और मीडिया का ध्यान जाए साथ ही महिलाओं को भी अपनी ताकत का एहसास हो और वह भी आयरन लेडी बन सके।



# बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया 'किड्स कॉर्निवल' में

कठपुतलियों का संगीतमय नृत्य, जादुई खेल,झूले आदि के साथ मनोरंजन की विविध गतिविधियों से एक भव्य मेले का स्वरूप। यह नजारा रहा जवाहर नगर के सेक्टर 3 स्थित जनोपयोगी भवन परिसर का। यहां पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर रविवार को शिल्प सृजन संस्था ने कच्ची बस्ती आदि के वंचित बच्चों के लिए बाल मेला संयोजित किया। बच्चों को समर्पित इस दिन उनके लाड-दुलार के साथ संस्था ने उनके मनोरंजन का भरपूर इंतजाम किया। बच्चों ने भी इस मेले को खूब एंटरटेन किया। सुंदर ढंग से सजाया-सवांरे परिसर में झांकी, नृत्य, स्टॉल्स, संगीत के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और गेम्स आदि रखे गए।






# कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन

**जयपुर,समाचार जगत न्यूज।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने सवाई मान सिंह अस्पताल के ओंकोलॉजी विभाग व संजीवनी एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में एसएमएस अस्पताल के ओंकोलॉजी विभाग के प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह रहे। शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग वैन के माध्यम से 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की ओरल, ब्रैस्ट एवं सर्विक्स कैंसर की महाविद्यालय परिसर में ही जाँच की गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी एवं विजयलक्ष्मी गुप्ता ने किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।